मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः14.06.2026

थाना लालगंज पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरे की निगरानी में दबिश देकर 40 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, मौके पर करीब-05 कुंतल लहन, 25 भट्ठीयां तथा शराब निर्माण मे प्रयुक्त सामग्री/उपकरणों को किया गया नष्ट —

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः14.06.2026 को पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन-राजकुमार मीणा के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी लालगंज-अमर बहादुर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक लालगंज-वेद प्रकाश पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा थाना लालगंज क्षेत्र के ग्राम-खजुरी के कंजड़ बस्ती एवं नदी के किनारें जंगल में ड्रोन कैमरा के निगरानी में दबिश दी गयी, जहाँ अबैध रुप से भट्ठीयाँ लगाकर कच्ची देशी शराब बनाया जा रहा था। थाना लालगंज पुलिस द्वारा एक अभियुक्त कमल सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम-खजुरी कंजड़ बस्ती थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को 40 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा मौके से कच्ची शराब के निष्कर्षण/बिक्री में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा करीब-05 कुंतल लहन, 25 भट्ठीयां तथा कच्ची शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री/उपकरणों को नष्ट किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा कच्ची शराब निष्कर्षण/बिक्री में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

****